सतना | सोमवार | 17 अगस्त 2026 | वर्ष 27 | अंक 344 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social



नागपंचमी आज

# नवभारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



2 अटल बिहारी को देश ने किया याद



4 युवा विकसित भारत बनाने आगे आएं



9 ड्रोन से दूरदराज तक पहुंचेगी डाक सेवा



10 देवदत्त पड़िक्कल ने खेली 167 रन की शानदार पारी

# वंदे मातरम् का अपमान असहनीय

**140 करोड़ लोगों से हाथ जोड़कर माफी मांगें**

**150 वें वंदे मातरम् गीत की पीएम ने दिलाई याद**

**1 सोनिया गांधी देश से मांगे माफी : अमित शाह**

**2 कांग्रेस ने पाप किया, माफ नहीं करेगी जनता**

**3 वंदे मातरम् विवाद में अमित शाह का वार**

**चित्तौड़गढ़, 16 अगस्त. 'वंदे मातरम्' को लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच राजनीतिक विवाद तेज हो गया है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के निम्बाहेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पार्टी ने वोट बैंक की राजनीति के कारण 'वंदे मातरम्' को भुला दिया और अब स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेस मुख्यालय में इसके गायन को रोकने की कोशिश की गई.**



शाह ने विशेष रूप से कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी का नाम लेते हुए कहा कि गीत के दौरान उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को इसे रोकने के लिए कहा. गृह मंत्री ने ये भी कहा कि सोनिया गांधी को 140 करोड़ लोगों से हाथ जोड़कर माफी मागनी चाहिए.

शाह ने अपने संबोधन में कहा कि 'वंदे मातरम्' के 150वें वर्ष के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से इस गीत को फिर से प्रमुखता दिलाई है. उन्होंने दावा किया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले और देशभर में ध्वजारोहण कार्यक्रमों में 'वंदे मातरम्' का गायन हुआ. शाह ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी ने लंबे समय तक इसे राजनीतिक कारणों से नजरअंदाज किया. उन्होंने कांग्रेस से बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय और देश की जनता से माफी मांगने की मांग भी की. यह विवाद 15 अगस्त को दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह...

▶ शेष पेज 9 पर

### सोनिया गांधी के खिलाफ पुलिस में शिकायत

स्वतंत्रता दिवस पर नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में 'वंदे मातरम' के गान को लेकर उठा विवाद अब कर्नाटक तक पहुंच गया है. मंगलूरू में भाजपा नेताओं ने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ उरवा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है.

### नक्सलियों को सही ठहराने वाले खुद दिमागी रूप से नक्सली



कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम के 'दिमागी नक्सल' वाले बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखा पलटवार किया है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग नक्सली विचारधारा को सही ठहराते हैं, वे खुद दिमागी रूप से नक्सली हैं। उनका यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से स्वतंत्रता दिवस के भाषण में 'दिमागी नक्सल' शब्द के इस्तेमाल के बाद शुरू हुई राजनीतिक बहस के बीच आया है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि चिदंबरम ने खुद को 'दिमागी नक्सल' बताया है।उन्होंने आरोप लगाया कि नक्सलियों को सही ठहराने वाले लोगों की सोच भी उसी विचारधारा से प्रभावित है.

### मुझे दिमागी नक्सल होने पर गर्व है : पी. चिदंबरम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'दिमागी नक्सल' वाले बयान पर कांग्रेस और भाजपा के बीच राजनीतिक टकराव तेज हो गया है. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को प्रधानमंत्री के बयान पर पलटवार करते हुए कहा, 'मुझे दिमागी नक्सल होने पर गर्व है.' चिदंबरम की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस संबोधन के एक दिन बाद सामने आई है और इसे उनके बयान का सीधा जवाब माना जा रहा है.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित किया था.

# विकास कार्यों से इंदौर का कायाकल्प

- अटल सेतु का सीएम डॉ. यादव ने किया लोकार्पण
- जनप्रतिनिधियों और ननि की भूमिका की भी सराहना की



नवभारत न्यूज

**इंदौर, 16 अगस्त. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को अन्नपूर्णा रोड को रिंग रोड से जोड़ने वाले अटल सेतु का लोकार्पण किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों के जरिए इंदौर का एक तरह से पूरा कायाकल्प हो रहा है. उन्होंने अटल जी के नाम से बने सेतु के लोकार्पण को उन्हें सच्चे अर्थों में श्रद्धांजलि बताया.**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी की पुण्यतिथि के अवसर पर इंदौर को यह बड़ी सौगात मिल रही है. अटल सेतु के लोकार्पण को उन्होंने अटल जी की स्मृति से जोड़ते हुए कहा कि यह उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी. करीब 16.61 करोड़ रुपए की लागत से तैयार अटल सेतु करीब 950 मीटर लंबा और 45 मीटर चौड़ा है, यह अन्नपूर्णा रोड को रिंग रोड से सीधे जोड़ता है. इससे पश्चिमी इंदौर के कई क्षेत्रों को रिंग रोड तक पहुंचने के लिए सीधा वैकल्पिक मार्ग मिलेगा. मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में चार...

▶ शेष पेज 9 पर

### बोले- पुराना स्वरूप हटाकर नया रास्ता खोला...

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में शहर में किए जा रहे बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि पुराने ढांचे को हटाकर नया मार्ग खोला है. उन्होंने कहा कि रहवासियों के चेहरों से ही दिखाई दे रहा है कि वे इस बदलाव से कितने आनंदित हैं. मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों और नगर निगम की भूमिका की भी सराहना की.

### वंदे मातरम् को लेकर सीएम ने कांग्रेस पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को इंदौर में मीडिया से चर्चा के दौरान वंदे मातरम् को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि कांग्रेस न इंदौर में पूरा वंदे मातरम् गाती है और न ही दिल्ली में उसके नेताओं ने इसके प्रति सम्मान व्यक्त किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम् आजादी के दीवानों के समय से श्रद्धा और आस्था का केंद्र रहा है. उन्होंने कांग्रेस के व्यवहार पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कांग्रेस के लोगों को इस कृत्य के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए.

# पूर्व डिप्टी स्पीकर आशीष बनर्जी ने किया सुसाइड

**रामपुरहाट, 16 अगस्त. पश्चिम बंगाल विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर और तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आशीष बनर्जी की रविवार सुबह बीरभूम जिले के रामपुरहाट में मौत हो गई.**



पुलिस के मुताबिक, उनका शव उनके घर से सटे तृणमूल कांग्रेस के पार्टी कार्यालय में मिला. घटनास्थल से एक कथित सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मौत की परिस्थितियों की जांच की जा रही है. पुलिस अधीक्षक विदित राज भुंडेश के अनुसार, शुरुआती तौर पर मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन जांच और पोस्टमार्टम के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी.

# वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की जल्द होगी शुरुआत

**चेन्नई, 16 अगस्त 2026. भारतीय रेलवे लंबी दूरी की यात्रा को और सुविधाजनक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है. चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री जल्द ही 24 कोच वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेनसेट का उत्पादन शुरू करेगी. आईसीएफ को ऐसी 50 ट्रेनसेट तैयार करनी हैं. फैक्ट्री के महाप्रबंधक मनीष अग्रवाल ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान इसकी जानकारी दी.**

उन्होंने बताया कि 24 कोच वाली स्वदेशी वंदे भारत स्लीपर ट्रेनसेट के निर्माण के लिए जरूरी उत्पादन ड्रॉइंग तैयार हो चुकी हैं.



नई 24 कोच वाली ट्रेन मौजूदा स्लीपर वंदे भारत की तुलना में अधिक यात्रियों को सफर की सुविधा देगी. स्लीपर कोच होने के कारण लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए यह ट्रेन खास तौर पर उपयोगी होगी. रेलवे का जोर तेज गति के साथ आधुनिक सुविधाओं और बेहतर आराम वाली ट्रेनों के जरिए लंबी दूरी की रेल यात्रा को सुविधाजनक बनाने पर है.

इनमें कोच की संरचना, कोचों को आपस में जोड़ने की व्यवस्था और अंडरफ्रेम में लगाए जाने वाले उपकरणों से संबंधित डिजाइन शामिल हैं. इससे ट्रेनसेट के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है और जल्द उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है. फिलहाल देश में एक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन हावड़ा-कामाख्या मार्ग पर संचालित हो रही है. इसमें 16 कोच हैं, जिनमें 11 थर्ड एसी, चार सेकंड एसी और एक फर्स्ट एसी कोच शामिल है. रेलवे आने वाले समय में ऐसी और ट्रेनों को सेवा में शामिल करने की तैयारी कर रहा है.

# सबरीमाला मंदिर में चिंगम पूजा के लिए आज खुलेंगे कपाट

**सबरीमाला, 16 अगस्त. केरल के प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर में भगवान अयप्पा की चिंगम मासिक पूजा के लिए 16 अगस्त की शाम कपाट खोले जाएंगे. मुख्य पुजारी प्रसाद ई.डी. शाम 5 बजे मंदिर के कपाट खोलेंगे. श्रद्धालुओं को आज की सुबह से दर्शन की अनुमति होगी. खास बात यह है कि 17 अगस्त से मलयालम नववर्ष की भी शुरुआत हो रही है. मासिक पूजा के लिए मंदिर 21 अगस्त की रात तक खुला रहेगा.**



दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड की आधिकारिक व्यवस्था के तहत स्लॉट बुक करना होगा. जिन श्रद्धालुओं ने पहले से बुकिंग नहीं की है, उनके लिए निलक्कल और पंबा में स्पॉट रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध रहेगी.

## भारत-पाक सीमा पर बीएएसएफ ने पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा

**बाड़मेर, 16 अगस्त.** स्वतंत्रता दिवस के दौरान भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था के बीच बीएएसएफ ने एक पाकिस्तानी नागरिक को भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करते हुए पकड़ा. अधिकारियों के अनुसार, शनिवार सुबह पेट्रोलिंग के दौरान जवानों ने उसे केकेटी, पोस्ट के पास सीमा की तारबंदी पार करते देखा. इसके बाद बीएएसएफ जवानों ने कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में ले लिया. पकड़े गए व्यक्ति की पहचान बाकू खान (60) के रूप में हुई है.

## एलपीजी आपूर्ति होगी मजबूत

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने घरेलू उत्पादन बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है. पेट्रोलियम मंत्रालय ने पहली बार सरकारी और निजी क्षेत्र की 21 रिफाइनरियों व कंपनियों के लिए प्रतिदिन एलपीजी उत्पादन का लक्ष्य तय किया है. सरकार का उद्देश्य घरेलू बाजार में एलपीजी की आपूर्ति सामान्य बनाए रखना और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण पैदा होने वाली संभावित कमी से उपभोक्ताओं को बचाना है.

## ▶ गुस्ताखी माफ ◀




# इंडोनेशिया में भूकंप से 51 की मौत

**नई दिल्ली, 16 दिल्ली. इंडोनेशिया के पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत की सरकार ने फ्लोरेस द्वीप में आए 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के बाद 14 दिनों के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया की स्थिति घोषित कर दी है. यह अवधि 15 से 28 अगस्त तक लागू रहेगी.**



14 दिन का लगाया आपातकाल

पूर्वी इंडोनेशिया में शनिवार को आए भूकंप में मृतकों की संख्या रविवार को चार और शव बरामद होने के बाद बढ़कर 51 हो गई. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. भूकंप के कारण हजारों लोग विस्थापित हुए हैं. अमेरिका भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, शक्तिशाली भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 5:58 बजे पूर्वी इंडोनेशिया के फ्लोरेस क्षेत्र में आया. भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था. अमेरिका भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि सुनामी की चेतावनी जारी होने के बाद लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए हालांकि बाद में यह चेतावनी वापस ले ली गई. इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, भूकंप के बाद कम से कम 235 झटके महसूस किए गए. वहीं, रविवार को बचावकर्मी भूकंप के कारण हुए भूस्खलन के मलबे में दबे लोगों की तलाश में जुटे रहे. यह अभियान फ्लोरेस के छह क्षेत्रों में चलाया गया. फ्लोरेस मुख्य रूप से कैथोलिक आबादी वाला द्वीप है और मुस्लिम बहुल इंडोनेशिया का हिस्सा है.

# आतंकी साजिश नाकाम 690 ग्राम आईईडी बरामद

**अमृतसर, 16 अगस्त. स्वतंत्रता दिवस के दौरान पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम करने का दावा किया है.**



जिला ग्रामीण पुलिस ने गग्गोमहल पुलिस चौकी के क्षेत्र में संदिग्ध पैकेट से 690 ग्राम आईईडी बरामद की. इसके साथ इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, बैटरी, टाइमर और लोहे का बॉक्स भी मिला. पुलिस के मुताबिक, संदिग्ध विस्फोटक का इस्तेमाल पुलिस प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के लिए किए जाने की आशंका थी. पुलिस के अनुसार, यह बरामदगी 15 और 16 अगस्त की दरम्यानी रात हुई. रात की गश्त पर तैनात एएसआई कुलबीर सिंह की नजर गग्गोमहल पुलिस चौकी के पास पड़े एक संदिग्ध पैकेट पर पड़ी. संदेह होने पर पुलिस ने इलाके को सुरक्षित किया और पैकेट की जांच की. इसमें काले रंग के मोम से लिपटा हुआ संदिग्ध उपकरण मिला, जिसके साथ विस्फोटक से जुड़े अन्य सामान भी मौजूद थे. सूचना मिलते ही बम डिस्पोजल स्क्वायड को मौके पर बुलाया गया. सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत बरामद सामग्री को निष्क्रिय किया गया.



# मेरे दोस्त मुझसे मिलने आए हैं : पीएम मोदी

**नई दिल्ली, 16 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार दोपहर को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया. इस वीडियो में वे अपने सरकारी आवास पर मोरों और पुंगनूर गायों के साथ नजर आए. उन्हें 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर रखी देसी और छोटे आकार की गायों को खाना खिलाते और प्यार से सहलाते हुए देखा गया. वीडियो में वह अपने हाथों से मोरों को दाने खिलाते नजर आ रहे हैं.**

दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस की सुबह के उन खास पलों को शेयर किया है, जब वह अपने आवास पर गायों को चारा और मोर को दाना खिलाने के बाद लालकिले के लिए निकले थे. उन्होंने बताया कि गायों और मोरों को शायद यह एहसास हो गया था कि वे लाल किले पर होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए जल्दी निकलेंगे. इसलिए, राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए रवाना होने से पहले ही वे उनसे मिलने आ गए.

पीएम ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, हर सुबह अपने 'दोस्तों' को खाना खिलाना मेरी दैनिक दिनचर्या है. कल सुबह (15 अगस्त को), उन्हें किसी तरह एहसास हो गया कि मैं जल्दी निकल रहा हूं, इसलिए जब मैं लाल किले के लिए निकल रहा था, तो वे मुझसे मिलने आ गए. हमेशा की तरह यह खास रहा. गौरतलब है कि प्रधानमंत्री को उनके आवास के लॉन में सुबह की सैर और व्यायाम के दौरान अक्सर मोरों के साथ देखा जाता रहा है. प्रधानमंत्री आवास में दुर्लभ, देसी और छोटे आकार की 'पुंगनूर' नस्ल की गायें हैं.

सोशल मीडिया पर सामने आई इन मुलाकातों ने पहले भी लोगों का काफी ध्यान खींचा है. पीएम मोदी के साथ इन मुलाकातों में जिस नस्ल का जिक्र हुआ है, उनमें आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले की छोटे आकार की गायें शामिल हैं.

**इतिहास के झरोखे** ▶ जनविश्वास के 9 दशक/ केवल विस्तार नहीं, जन-जन से जुड़ाव

# पश्चिमी मप्र से छत्तीसगढ़ तक, नवभारत ने रचा विस्तार का इतिहास

संजीव शर्मा

**भोपाल, 16 अगस्त. नवभारत की यात्रा में मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंच बनाने का क्रम लगातार आगे बढ़ता गया. इस विस्तार ने न केवल नए क्षेत्रों को जोड़ा, बल्कि अलग-अलग संस्करणों के माध्यम से एक व्यापक नेटवर्क को भी आकार दिया. इसी क्रम में नवभारत की पहुंच मध्यप्रदेश के पश्चिमी हिस्से से लेकर तत्कालीन मध्यप्रदेश के छत्तीसगढ़ क्षेत्र तक विस्तारित हुई.**




नवभारत के इंदौर संस्करण ने मध्यप्रदेश के पश्चिमी हिस्से को जोड़ा. 1960 में नवभारत का इंदौर संस्करण शुरू हुआ. इसके साथ जबलपुर और भोपाल के बाद मध्यप्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र में भी नवभारत की मजबूत उपस्थिति बनी. इस तरह नवभारत का विस्तार केवल राजधानी केन्द्रित नहीं रहा, बल्कि पूर्वी, मध्य और पश्चिमी मध्यप्रदेश तक पहुंचने लगा.

1950-60 का दशक मध्यप्रदेश में नवभारत के विस्तार का निर्णायक दशक था. इस अवधि में विस्तार का क्रम इस तरह रहा = 1950 जबलपुर, 1952 भोपाल में पूर्ति अंक, 1956 में भोपाल से पूर्ण संस्करण, 1960 में इंदौर संस्करण. रायपुर और जबलपुर-भोपाल-इंदौर ने मध्य भारत का नेटवर्क तैयार किया. 1959 में रायपुर संस्करण शुरू हुआ. उस समय मध्यप्रदेश का भौगोलिक स्वरूप आज से बहुत बड़ा था. इसलिए आज के मध्यप्रदेश के साथ-साथ तत्कालीन मध्यप्रदेश के छत्तीसगढ़ क्षेत्र में भी नवभारत की पहुंच विकसित हुई. 1957 में अंग्रेजी दैनिक मध्यप्रदेश क्रॉनिकल का प्रकाशन शुरू हुआ. यह नवभारत समूह के विस्तार की एक अलग और उल्लेखनीय उपलब्धि है, क्योंकि भोपाल से अंग्रेजी दैनिक शुरू किया गया.

बाद में 1984 में इसका प्रकाशन रायपुर से भी होने लगा. समूह ने केवल हिन्दी पाठक वर्ग तक सीमित रहने के बजाय अंग्रेजी पत्रकारिता में भी विस्तार किया. 1984 में बिलासपुर संस्करण से मध्य भारत में नेटवर्क और मजबूत हुआ. उधर, बिलासपुर संस्करण शुरू होने के साथ नवभारत के संस्करणों की संख्या छह हो गई. उस समय तक नागपुर, जबलपुर, भोपाल, रायपुर, इंदौर और बिलासपुर का नेटवर्क तैयार हो चुका था. यह पुराने मध्यप्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में नवभारत की व्यापक भौगोलिक उपस्थिति का प्रमाण है. इस तरह नवभारत का यह विस्तार केवल संस्करणों की संख्या बढ़ने की कहानी नहीं था, बल्कि बदलते भौगोलिक दायरे के साथ पाठकों तक पहुंच बनाने की निरंतर यात्रा थी. यही व्यापक आधार आगे नवभारत के अगले विस्तार और नए संस्करणों की कहानी की जमीन तैयार करता है.